डा॰ गिरजा उरांव
एसोसिएट प्रो॰
R.M.C. सासाराम

सर्वेक्षण विधि के लाभ (Advantages) :- सामाजिक सर्वेक्षण का प्रयोग आर्थिक, मूल्य, प्रत्याशा आदि से संबंधित समस्याओं में किया जाता है। प्रचार, जनप्रवाद और वोटिंग संबंधी व्यवहार में भी इसका उपयोग अनेक मनोवैज्ञानिकों Lazarasfeld, Berelson and Gaudet ने किया है।

प्रमुख लाभ निम्न प्रकार हैं —

1. सर्वेक्षण अनुसन्धानों के द्वारा जितना व्यापक और विस्तृत अध्ययन किया जाता है उतना अन्य विधि द्वारा नहीं होता है।

2. इस विधि द्वारा अध्ययनकर्ता घटनास्थल पर प्रत्यक्ष रूप से अध्ययन इकाई के सम्पर्क में आता है। इस प्रकार वह अध्ययन इकाइयों के मनोभावों विचारों आदि को अधिक अच्छी तरह जानने में सफल होता है।

3. आधुनिक समाज मनोविज्ञान में सर्वेक्षण अनुसंधान के अन्तर्गत अनेक तकनीकों का विकास करके इसे वैज्ञानिक रूप दिया जाता है। फलस्वरूप जो आँकड़े और परिणाम प्राप्त होते हैं वह परिशुद्ध, वस्तुनिष्ठ और विश्वसनीय होते हैं। सर्वेक्षण अनुसन्धान में Random Sampling का बहुत महत्त्व है इससे अनुसन्धान का स्वरूप बहुत कुछ वैज्ञानिक बन जाता है।

(4) सर्वेक्षण अनुसन्धान अन्य विधियों की अपेक्षा बहुत अधिक सुविधाजनक है।

(5) यह अनुसंधान मितव्ययी (Economical) भी है।

सर्वेक्षण विधि के दोष या सीमाएँ (Demerits or limitations) :- सामाजिक सर्वेक्षण के कुछ प्रमुख दोष निम्न प्रकार हैं :-

(1) यद्यपि इस प्रकार के अध्ययन व्यापक और विस्तृत होते हैं फिर भी वे सूक्ष्म व गहन

Scanned with CamScanner

नही होते हैं।

2. अध्ययन इकाईयों से जो प्राप्त होते हैं उनमें कृत्रिमता की मात्रा बहुत रहती है।

3. इस अनुसंधान के द्वारा केवल साधारण और व्यावहारिक समस्या का ही अध्ययन उपयुक्त होता है। विशेष रूप से यह समस्यायें जिनका रूप व्यापक व विस्तृत होता है उनका ही अध्ययन इस विधि द्वारा किया जाता है।

(4) व्यावहारिक दृष्टि से देखा जाये तो इस अनुसंधान में Random Sampleng करने में अनेक कठिनाईयाँ आती है कई बार Random Sampleng करना बहुत कठिन या असम्भव होता है।

5. यदि आँकड़ों का एकत्रण, साक्षात्कार के द्वारा किया जाता है तो साक्षात्कार की अनेक सीमाएं इस प्रकार के अनुसंधान की सीमाओं को महत्वपूर्ण ढंग से प्रभावित करती हैं।

6. इस प्रकार के अनुसन्धान के परिणामों पर अध्ययनकर्ता और पीड़ित वर्ग की मनोवृत्तियों, विचारों और पूर्वाग्रहों का प्रभाव पड़ता है।

Scanned with CamScanner